## कांवड़ यात्रा में शिव भक्ति की झलक दिखी

**जयपुर।** डबल शंकर महादेव विकास समिति के तत्वावधान में रविवार को कांवड़ एवं कलश यात्रा निकाली गई। पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल की अगुवाई में आयोजित यात्रा में करीब 1100 महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर हिस्सा लिया। कांवड़ियों और महिलाओं के जयकारों से शहर का माहौल शिवमय हो गया। यात्रा के दौरान कांवड़ियों ने गलता एवं हरिद्वार से लाए गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ में पवित्र जल भरा। यात्रा के चौड़ा रास्ता स्थित द्वारकाधीश मंदिर के बाहर पहुंचने पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयघोष के साथ कांवड़ एवं कलश यात्रा का स्वागत किया। आयोजन समिति के संयोजक शरद खंडेलवाल के नेतृत्व में निकली यात्रा में कांवड़िए भगवान शिव की भक्ति में रंगे नजर आए। रास्ते में व्यापार मंडल पदाधिकारियों एवं विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने पुष्पवर्षा और आरती कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यात्रा में सजे-धजे ऊंट, घोड़े, ढोल-ताशे और नाट्यय कला के कलाकार भी आकर्षण का केंद्र रहे।यात्रा में शिव भक्ति के साथ देशभक्ति की झलक भी देखने को मिली। कई श्रद्धालु भगवा और तिरंगा ध्वज लहराते हुए भगवान शिव के जयकारे लगाते नजर आए।

# "लोकमंथन-2026" की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का शुभारंभ

## जयपुर में 4 से 6 दिसंबर तक होगा 'लोकमंथन 2026

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में रविवार को आगामी 'लोकमंथन 2026' के आयोजन को लेकर प्रेस वार्ता एवं बैठक आयोजित हुई। उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने आयोजन समिति की अध्यक्ष के रूप में कार्यक्रम में प्रतिभागी पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ किया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने

- **जवाहर कला केंद्र में रविवार को आगामी 'लोकमंथन 2026' के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित**

बताया कि लोकमंथन का पाँचवाँ राष्ट्रीय संस्करण जयपुर में 4 से 6 दिसंबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष लोकमंथन की मुख्य थीम हम भारत के लोग रखी गई है। तीन दिवसीय इस भव्य वैचारिक एवं सांस्कृतिक महाकुंभ में देश-विदेश के जाने-माने बुद्धिजीवी, कलाकार, विचारक और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्धजन हिस्सा लेंगे।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय विचार-विमर्श के साथ लोक संस्कृति और कला का भव्य प्रदर्शन देखने को मिलेगा। बड़े मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ देश के प्रमुख बुद्धिजीवियों एवं विचारकों के संवाद और वैचारिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। आयोजन का उद्देश्य भारतीय लोक संस्कृति, परंपराओं, विचार और विविधता को व्यापक मंच प्रदान करना है।



**उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने आयोजन समिति की अध्यक्ष के रूप में कार्यक्रम में प्रतिभागी पंजीयन ( रजिस्ट्रेशन ) प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ किया।**

## चौमूं में तीज माता की सवारी निकली

**चौमूं / कालाडेरा।** नगर परिषद चौमूं द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित की जाने वाली तीज माता की पारंपरिक सवारी में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने शिरकत की। सवारी के दौरान पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने तीज माता के पावन स्वरूप के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा चौमूं विधानसभा क्षेत्र वासियों के जीवन में खुशहाली, आरोग्य और सुख-समृद्धि की कामना की। तीज माता की भव्य सवारी पूरे लवाजमे, लवाजमे के साथ नगर परिषद चौमूं परिसर से गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई। यह सवारी शहर के प्रमुख मार्गों-बावड़ी गेट, लक्ष्मीनाथ जी का चौक, चौपड़, नया बाजार, रावण गेट और धोली मंडी से होते हुए पुनः नगर परिषद चौमूं पहुंचकर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना कुमावत, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, पूर्व उपाध्यक्ष कालूराम जाट, पवन सैनी, बाबूलाल यादव, संदीप कुमावत, रामावतार कुलदीप, मुकेश बलेसरा, संदीप शर्मा, ओमप्रकाश कुमावत, बजरंग कुमावत, धर्मेन्द्र बंजारा, चेतन सैनी, मदन गोरा, मोहन जलुथरिया, मुकुल अग्रवाल, अभिषेक, राहुल बिवाल, संदीप भतरा, हनुमान बागड़ा, दौलत जाट, मोहन यादव, सहित भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### एनएफआईडब्लयू राजस्थान की वर्किंग प्रेसिडेंट मिनाक्षी बिंदोरिया सम्मानित



**जयपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सा माजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियनवीमेन राजस्थान की वर्किंग प्रेसिडेंट मिनाक्षी बिंदोरिया को आज सम्मा नित किया गया। यह सम्मानराजस्था न सरकार के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ जी एवं जयपुर जिला कलेक्टर सं देश कुमार नायकजी के द्वारा दिया गया हैं। यह सम्मान उनके लं बे समय से महिला अधिकार, सामाजिक न्याय, जनसेवा तथा जरूरतमंद और वंचित लोगों के लिए किए जा रहे निरंतर कार्यों के लिए प्रदान किया गया। मिनाक्षी बिंदोरिया ने सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते हुए महिलाओं, बच्चों, गरीब एवं जरूरतमं द परिवारों तथा संकट ग्रस्त लोगों की सहायता के लिए लगातार सक्रि य भूमिका निभाई है। उनके कार्यों में महिला अधिकारों के प्रतिजा गरूकता, हिंसा से पीड़ित महिला ओं को सहायता, सामाजिक न्याय, निः शुल्क जनसेवा तथा जरूरतमंद लोगों तकस हायता पहुंचाने जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने विशेष रूप से उन लोगों के बीच काम किया है जोआर्थिक औ र सामाजिक रूप से कमजोर होने के कारण अपने अधिकारों और उपलब्ध स रकारी सहायता तक आसानी से नहींप हुंच पाते। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मिला यह सम्मान केवल मिनाक्षी बिंदोरिया के व्यक्तिगत योगदान की पहचान है, बल्कि उन तमाम सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनसंगठनों के संघर्ष का भी सम्मान है जो समाज के कमजोर और वंचित तबकों के अधि कारों के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

### इंस्पेक्टर दिनेश सिंह सम्मानित



**जयपुर।** 80 वे स्वतंत्रता दिवस समारोह का जिला स्तरीय आयोजन 15 अगस्त को चौगान स्टेडियम जयपुर में हजारों लोगों के सामने, मुख्य अतिथि उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री माननीय कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ जी की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर रोड सेफ्टी अवेयरनेस एवं सोशल एक्टिविटीज वर्क में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जयपुर द्वितीय विद्याधर नगर में पद स्थापित इंस्पेक्टर दिनेश सिंह को माननीय मुख्य अतिथि उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ जी एवं जिला कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट माननीय संदेश नायक जी के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माननीय सांसद जयपुर शहर मंजू शर्मा जी व विधायक माननीय आचार्य बालमुकुंद आचार्य जी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि इंस्पेक्टर दिनेश सिंह ने स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थानों एवं गवर्नमेंट इंस्टीट्यूशन में सैकड़ो स्टूडेंट व नागरिकों को रोड सेफ्टी अवेयरनेस के लिए प्रेरित किया है। पूर्व में भी इंस्पेक्टर दिनेश सिंह को इन्हीं उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्टेट एवं नेशनल लेवल पर सम्मानित किया जा चुका है।

### सांगानेर में कांवड़ यात्रा के साथ सहस्त्रघट अभिषेक का आयोजन



**जयपुर।** सावन के पावन अवसर पर जगन्नाथपुरी, काली का खाना स्थित कृष्ण शिव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में भव्य सहस्त्रघट अभिषेक का आयोजन किया गया, वहीं शिवभक्तों ने कांवड़ यात्रा निकालकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कांवड़ यात्रा में शिवभक्त हाथों में कांवड़ लेकर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुंचे। जयकारों और भजनों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। यात्रा में युवाओं के साथ महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।मंदिर पहुंचने पर कांवड़ यात्रियों का श्रद्धा के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद विधि-विधान से भगवान शिव का पवित्र जल से अभिषेक किया गया। मंदिर में आयोजित सहस्त्रघट अभिषेक में श्रद्धालुओं ने कलशों के माध्यम से भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित किया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।आयोजक रतन सिंह राजावत और विष्णु यादव ने बताया कि सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव की आराधना और जलाभिषेक का विशेष महत्व है। कांवड़ यात्रा एवं सहस्त्रघट अभिषेक के माध्यम से श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के प्रति अपनी आस्था प्रकट की तथा समाज में भक्ति, सेवा, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया।इस दौरान जगन्नाथ पूरी समिति अध्यक्ष अक्षय यादव कोषाध्यक्ष रामावतार शर्मा पवन अठावाल देवराज कुमावत श्याम बाबू यादव लक्ष्मण यादव गणेश कुमावत सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रही।

### सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ का लहरिया महोत्सव आयोजित



**जयपुर।** सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की ओर से जयपुर स्थित होटल शिव पैलेस में भव्य एवं रंगारंग लहरिया महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंग-बिरंगे लहरिया परिधानों में सजी महिलाओं ने पूरे आयोजन को राजस्थानी संस्कृति और परंपरा के रंगों से सराबोर कर दिया कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक एवं आकर्षक लहरिया परिधानों में रैंप वॉक किया। रैंप वॉक में महिलाओं का आत्मविश्वास और उत्साह देखते ही बना तथा उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शैल शास्त्री एवं राष्ट्रीय महामंत्री सविता शर्मा ने सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा एवं प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति की 13 सदस्यीय टीम, जिसमें डॉ कविता शास्त्री, सुनीता शर्मा, नीलम मिश्रा, अंजना गोस्वामी, दीपा शर्मा, अनामिका शर्मा, सौम्यता मिश्रा, अदिति शर्मा, मधु मिश्रा सहित सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# चौमूं में तिरंगा यात्रा निकाली

**चौमूं / कालाडेरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रविवार को बांसा देहात मण्डल के फतेहपुरा में एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा देहात मण्डल बांसा अध्यक्ष शंकर लाल गागोरिया के नेतृत्व में पंचायत भवन फतेहपुरा से प्रारंभ हुई इस यात्रा में

- **यात्रा में भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की**

भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं, युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने हाथों में राष्ट्रध्वज थामकर बड़े ही उत्साह और देशभक्ति के साथ भाग लिया। यात्रा के दौरान "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। मार्ग में जगह-जगह सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और ग्रामवासियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया तथा तिरंगा यात्रा का विजयसिंहपुरा में समापन हुआ।

रामलाल शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तिरंगा के आ ान ने पूरे देश में राष्ट्रभक्ति की एक नई लहर पैदा कर दी है। आज बांसा मण्डल में नागरिकों और कार्यकर्ताओं का यह उत्साह यह साबित करता है कि देश की एकता, अखंडता और तिरंगे की आन-बान-शान के प्रति हर नागरिक का समर्पण अटूट है। यह यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी निष्ठा और संकल्प का प्रतीक है। इस अवसर पर भाजपा देहात मण्डल अध्यक्ष शंकर गागोरिया, पूर्व फल-सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गौरा, पूर्व सरपंच दिनेश चतुर्वेदी, सरपंच बाबूलाल गुर्जर, मांगीलाल शर्मा, श्रीराम शर्मा, श्याम शर्मा, विमल शर्मा, रामकिशोर मीणा, महेश योगी, जमन लाल सैनी, मुकेश बलेसरा, महामंत्री अंग्रेज यादव, जमनलाल सैनी, नरोत्तम शर्मा, कालूराम सेठी सहित मण्डल के प्रमुख पदाधिकारी, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**फतेहपुरा में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया।**

## आईसीएसआई के जयपुर चैप्टर ने स्वतंत्रता दिवस मनाया

**जयपुर।** द इंस्टीट्ययूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) जयपुर चैप्टर की ओर से स्वतंत्रता दिवस हर्षोंउल्लास के साथ मनाया गया। जयपुर चैप्टर के चेयरमैन सीएस सुमित कुमार श्योराण ने उपस्थित मुख्य अतिथियों, वरिष्ठ सदस्यों एवं विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया।

समारोह में विशेष अतिथि के रूप में जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के डिप्टी कमिश्नर श्याम सुंदर बिश्नोई एवं आईसीएसआई के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएस (डॉ.) श्याम अठावाल और एनईआरसी के सचिव सीएस सचिव राहुल शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों का पारंपरिक रूप से साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान अतिथियों ने जयपुर चैप्टर की तिमाही की विशेष पत्रिका का विमोचन किया। ध्वजारोहण के पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समापन पर जयपुर चैप्टर के सचिव सीएस वरुण मेहरा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## प्रदेश स्तरीय हरित पखवाड़ा 31 अगस्त तक

**चौमूं / कालाडेरा।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सरोकार के तहत 17 अगस्त से 31 अगस्त 2026 तक प्रदेश स्तरीय हरित पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जाएगा। जयपुर ग्रामीण की सभी उपशाखाओं में प्रदेश स्तरीय हरित क्रान्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य वृक्षारोपण को बढ़ावा देना और प्लास्टिक प्रदूषण पर अंकुश लगाना है। इस दौरान "आओ वृक्षारोपण करें, सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करें" के संदेश के साथ प्रदेशभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।यह अभियान संगठन के मुख्य संरक्षक सियाराम शर्मा के सानिध्य में संपन्न होगा। संस्कृत शिक्षा महामंत्री अमित योगी,जिलाध्यक्ष हनुमान सहाय खटीक व चौमूँ उपशाखा अध्यक्ष अर्जुन लाल यादव ने बताया की कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वीरेंद्र शर्मा (प्रदेशाध्यक्ष), नवीन कुमार शर्मा (कार्यकारी अध्यक्ष), ललित आर पाटीदार (सभाध्यक्ष), उम्मेद सिंह डूडी

- **"आओ वृक्षारोपण करें, सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करें" के संदेश के साथ प्रदेशभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे**
- **पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है**

(मुख्य महामंत्री), रामदयाल मीणा (महामंत्री), कोषाध्यक्ष हेमंत कुमार जांगिड,मीना मंसूरिया (महिला प्रदेशाध्यक्ष), मुकेश मीणा हाटवाल (संयोजक - हरित पखवाड़ा) तथा प्रदेश, जिला एवं उपशाखा कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों ने सभी शिक्षकों व आमजन से इस हरित क्रांति अभियान से जुड़कर अधिकाधिक पौधे लगाने की अपील की है। चोमूँ में संगठन पदाधिकारियों द्वारा हरित पखवाड़ा के अंतर्गत पूर्व में लगाए पौधों की देखभाल व नए पौधों का रोपण किया जाएगा।

## राज्य के हाटों का पीपीपी मॉडल पर होगा संचालन

**जयपुर।** राज्य के पारंपरिक दस्तकारों, बुनकरों, महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और लघु उद्यिमयों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाने तथा उन्हें सीधे बाजार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इसी दिशा में राज्य के प्रमुख हाटों को सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर संचालित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य हाटों को केवल बिक्री केंद्र तक सीमित न रखकर उन्हें दस्तकारों, बुनकरों और लघु उद्यिमयों के लिए आधुनिक बाजार एवं विपणन मंच के रूप में विकसित करना है। उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 27 जून, 2026 को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर की गई घोषणा की पालना में राज्य के चार

- **राज्य के दस्तकारों, बुनकरों एवं लघु उद्यिमयों के उत्पादों के लिए होगी स्थायी व्यवस्था**

प्रमुख हाटों को पीपीपी मॉडल पर संचालित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में उद्योग प्रोत्साहन संस्थान के माध्यम से रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी किया गया है। हाटों को पीपीपी मॉडल पर संचालित करने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाएगी।इन हाटों का मुख्य उद्देश्य राज्य के हुनरमंद दस्तकारों, बुनकरों, लघु उद्यिमयों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा ओडीओपी एवं जीआई उत्पादों को उनके उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन के लिए आधुनिक एवं सुविधायुक्त मंच उपलब्ध कराना है।

## आरएसजीएल की डीपीएनजी सेवा शुरु

**जयपुर।** राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस आरएसजीएल ने डीपीएनजी सेवाओं का विस्तार करते हुए कोटा के कुन्हाडी के सद्गुरु प्राइम गर्ल्स हॉस्टल में डीपीएनजी सेवाएं उपलब्ध करा दी है। आरएसजीएल के प्रबंध निदेषक विनय पाटनी ने बताया कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा स्वच्छ, सुरक्षित, हरित और 24 गुणा 7 सीएनजी-डीपीएनजी सेवाओं के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आरएसजीएल द्वारा कोटा में कोटावासियों के लिए घरेलू डीपीएनजी कनेक्षन जारी करने के साथ ही हॉस्टल्स, होटल्स, मल्टीस्टोरी बिल्डिंग्स, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को डीपीएनजी सेवाओं से जोड़ने के लिए प्राथमिकता से संरचना विकसित की जा रही है और उपलब्ध संरचना क्षेत्र में कनेक्षन जारी किये जा रहे हैं।

## निकाय चुनावों में भाजपा की पर्ची और खर्ची का खेल खत्म करेगी जनता : जूली

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलवर और निम्बाहेड़ा दौरे पर कड़ा सियासी हमला बोलते हुए कहा कि गृह मंत्री राजस्थान की जमीनी हकीकत से पूरी तरह अनजान हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जागरूक जनता भाजपा के कुशासन, भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी से त्रस्त हो चुकी है और आगामी निकाय चुनावों में भाजपा की पर्ची और खर्ची का खेल पूरी तरह खत्म करने का मन बना चुकी है।

जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एकतरफा संवाद में यकीन रखती है। आपकी अपनी सभा है, आप जो चाहे बोल लीजिए क्योंकि वहां कोई विरोध करने वाला नहीं है। जो लोग वाजिब सवाल पूछना चाहते हैं, उन्हें आपकी सरकारें पहले ही डिटेन और गिरफ्तार कर लेती हैं। भाजपा संसद से भी भाग खड़ी हुई, जहां उसे जनता के तीखे सवालों का सामना करना पड़ रहा था और वह कोई जवाब नहीं दे पाई।

- **राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में नमस्ते सदा वत्सले के स्थान पर वन्दे मातरम् का गायन कब से शुरू किया जाएगा?**
- **'अपनी सभा में तो जो चाहे बोल लीजिए, लोकसभा में जाकर एक बार भी यह नहीं बोला कि बच्चों पर पैलेट गन किसने चलाई'**

नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि सच तो यह है कि भाजपा लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शनों से बुरी तरह डरती है। वन्दे मातरम् को लेकर जानबूझकर विवाद खड़ा करने की कोशिश करने वाली भाजपा पहले यह स्पष्ट करे कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में नमस्ते सदा वत्सले के स्थान पर वन्दे मातरम् का गायन कब से शुरू किया जाएगा?

अमित शाह पर करारा निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जिस सरकार के मंत्री खुद अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ जाएं, उस सरकार को तो शर्म से डूब जाना चाहिए। श्री जूली ने कहा, "मैं गृह मंत्री अमित शाह से कहना चाहता हूं कि आप पहले अपना घर ऑर्डर में लाओ, अपनी पार्टी की सुध लो और अपने कार्यकर्ताओं से पूछो कि आपकी सरकार का क्या हाल है। आपके नेताओं का अहंकार किस प्रकार अलवर को बदहाल कर रहा है, इसका सही फीडबैक आपके अपने कार्यकर्ता ही आपको दे देंगे। जनता भारी बैठी है और निकाय चुनावों में भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है।

# जिला कलेक्टर ने राजसखी पंच गौरव रथ का शुभारंभ किया

**जयपुर।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका), जयपुर द्वारा ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने तथा पंच गौरव कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से रविवार को राजसखी पंच गौरव रथ का शुभारंभ किया गया।

एसआईएएम, दुर्गापुरा, जयपुर से आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में जिला कलक्टर जयपुर संदेश नायक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् जयपुर प्रतिभा वर्मा द्वारा फीता काटकर राजसखी पंच गौरव रथ को रवाना किया गया।

राजसखी पंच गौरव रथ के माध्यम से राजीविका से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न स्थानीय एवं स्वदेशी उत्पादों का प्रदर्शन, प्रचार-प्रसार एवं विक्रय किया जाएगा। रथ जयपुर शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर भ्रमण करेगा, जिससे ग्रामीण महिला उद्यिमयों के उत्पाद सीधे शहरी उपभोक्ताओं तक पहुंच सकेंगे।

इस पहल का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना, उनकी आय एवं आजीविका के अवसरों में वृद्धि करना तथा स्थानीय उत्पादों को नई पहचान दिलाना है। साथ ही पंच गौरव कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विशिष्ट उत्पादों और स्थानीय विशेषताओं के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

रथ में ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, सजावटी एवं उपयोगी वस्तुओं, खाद्य उत्पादों तथा अन्य स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। जयपुर के विभिन्न स्थानों पर इनके प्रदर्शन एवं बिक्री से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अपने उत्पादों के लिए प्रत्यक्ष बाजार एवं ग्राहकों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान पुष्पेंद्र सिंह, जिला प्रबंधक-आजीविका; इंदिरा शर्मा, सीएलएफ मैनेजर सहित राजीविका से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

राजसखी पंच गौरव रथ ग्रामीण महिला उद्यिमता को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ 'लोकल फॉर वोकल' और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।




**जिला कलक्टर जयपुर संदेश नायक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रतिभा वर्मा ने फीता काटकर पंच गौरव रथ को रवाना किया**

- **ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने तथा पंच गौरव कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से राजसखी पंच गौरव रथ का शुभारंभ**

## वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस सम्मेलन 18 से 20 दिसंबर तक

**जयपुर।** विश्व हिंदू समुदाय का सबसे बड़ा वैश्विक मंच, वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस इस वर्ष भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में आयोजित होगा। 18, 19 और 20 दिसंबर को जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस सम्मेलन का विषय है समानं व्रतं सह चित्तम् - अर्थात साझा संकल्प, सामूहिक दृढ़ता। इस महासम्मेलन में भारत और विश्व के कोने-कोने से हिंदू नेता, विचारक, उद्यमी, नीति-निर्माता, शिक्षाविद, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता एकत्र होंगे। इनके बीच धर्म, संस्कृति और समाज के पुनरुत्थान पर विचार-मंथन होगा। स्वामी विज्ञानानंद ने रविवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 2026 में सात समानांतर विषयगत सम्मेलन आयोजित होंगे - वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम, हिंदू एजुकेशन कॉन्फ्रेंस, हिंदू मीडिया कॉन्फ्रेंस, हिंदू पॉलिटिकल कॉन्फ्रेंस, हिंदू वुमेन कॉन्फ्रेंस, हिंदू यूथ कॉन्फ्रेंस और हिंदू ऑर्गेनाइजेशनल कॉन्फ्रेंस।